# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई-अगस्त, 2006 सत्र

### बुधवार, दिनांक 02 अगस्त, 2006

## तारांकित प्रश्नोत्तर

खण्ड समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयक की नियुक्ति का प्रावधान

1. (* क्र. 10) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सर्व शिक्षा अभियान के तहत खंड समन्वयक की नियुक्ति के क्या नियम हैं ? (ख) सर्व शिक्षा अभियान के तहत सहायक परियोजना समन्वयक की नियुक्ति के क्या प्रावधान है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) सर्व शिक्षा अभियान के तहत विकासखण्ड स्रोत केन्द्र समन्वयक का पद प्रतिनियुक्ति से जिला नियुक्ति समिति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है. (ख) सर्व शिक्षा अभियान के तहत सहायक परियोजना समन्वयक (वित्त) का पद राज्य नियुक्ति समिति एवं सहायक परियोजना समन्वयक (बालिका शिक्षा) का पद जिला नियुक्ति समिति के माध्यम से प्रतिनियुक्ति/संविदा से भरे जाने का प्रावधान है.

गोबरा-नवापारा नगर पालिका में गरीबी रेखा अन्तर्गत आने वाले परिवारों की जानकारी

2. (* क्र. 821) **श्री घनेन्द्र साहू :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि गोबरा नवापारा नगर पालिका (जिला रायपुर) में गरीबी रेखा के अन्तर्गत कितने परिवार हैं तथा अन्त्योदय योजना तथा अन्य गरीबी रेखा के अन्तर्गत कार्डधारियों की संख्या कितनी-कितनी हैं ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : गोबरा नवापारा नगर पालिका में गरीबी रेखा के अन्तर्गत सर्वेक्षित परिवारों की संख्या 2883 हैं. अन्त्योदय योजना के अन्तर्गत कार्डधारियों की संख्या 1782 एवं अन्य गरीबी रेखा के अन्तर्गत कार्डधारियों की संख्या 2283 हैं.

देशी/विदेशी शराब दुकानों का संचालन

3. (*क्र. 852) **श्री संजय ढीढी :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में देशी-विदेशी मदिरा की कितनी-कितनी दुकानें वर्ष 2005-06 में संचालित थी ? (ख) वर्ष 2006-07 में दुकानों में कितनी-कितनी वृद्धि हुई है ? (ग) किन-किन नई दुकानें खोले जाने के विरोध में निवासियों ने धरना, प्रदर्शन, चक्काजाम किए ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) देशी मदिरा की 99 एवं विदेशी मदिरा की 49 दुकानें. (ख) देशी मदिरा में 12 एवं विदेशी मदिरा में 23 दुकानों की वृद्धि हुई है. (ग) बीरगांव, लाखेनगर एवं मोहरा में खोली गई विदेशी मदिरा की नई दुकान के विरोध में निवासियों ने धरना, प्रदर्शन, चक्काजाम किए थे.

नगर पंचायत बोदरी एवं बिल्हा को विभिन्न योजनाओं एवं जनप्रतिनिधियों की विकास निधि से स्वीकृत एवं व्यय राशि

4. (*क्र. 153) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले के नगर पंचायत बोदरी एवं बिल्हा को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं जनप्रतिनिधियों की विकास निधि से 01-04-2005 से 31-03-2006 तक किन-किन कार्यों के लिये कितनी-कितनी राशि मदवार उपलब्ध कराई गई एवं कितनी-कितनी राशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई है ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : बिलासपुर जिले के नगर पंचायत बोदरी एवं बिल्हा को प्रश्नाधीन अवधि में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं जनप्रतिनिधियों से मदवार आवंटित राशि एवं व्यय की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

जनभागीदारी द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के संबंध में

5. (*क्र. 177) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमधा विधान सभा में कुल कितने जनभागीदारी द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल हैं ? (ख) उक्त स्कूलों को कब तक शासकीय किए जाने की योजना है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क) धमधा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत जनभागीदारी द्वारा 11 हाई स्कूल एवं 04 हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित हैं. (ख) ऐसी कोई योजना अभी प्रचलन में नहीं है.

जिला बिलासपुर में सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत निर्माणाधीन शाला भवनों की जानकारी

6. (*क्र. 525) **श्री बलराम सिंह :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कितने भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है ? कितने अपूर्ण हैं ? (ख) किन कारणों से भवन अपूर्ण हैं ? कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क) 222 पूर्ण. 226 अपूर्ण. (ख) स्थल उपलब्ध होने एवं स्थल चयन की प्रक्रिया में समय लगना तथा विभागीय प्रक्रिया व सामग्री आदि के एकत्रीकरण, पानी की कमी तथा तकनीकी स्टाफ की कमी के कारण अपूर्ण है. निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना के तहत निर्मित दुकानें

7. (*क्र. 215) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना के अंतर्गत नगर पालिका खरसिया के क्षेत्र में कुल कितनी दुकानें बनाने का प्रस्ताव है ? इनमें से कितनी पूर्ण हो चुकी है और कितनी अपूर्ण है ? प्रति दुकान की लागत कितनी है ? (ख) इस योजना के अंतर्गत प्रश्नांकित तिथि तक कुल कितने बेरोजगार युवकों द्वारा आवेदन किये गये हैं ? प्राप्त आवेदनों में से कितनों को दुकान आवंटित की गयी है ? दुकान आवंटन की अर्हताएं क्या है ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना के अंतर्गत नगर पालिका खरसिया क्षेत्र में कुल 75 दुकानें बनाने का प्रस्ताव है. इनमें से 19 दुकानें पूर्ण हो चुकी है और 56 दुकान निर्माण हेतु निविदा की कार्यवाही की जा रही है. प्रति दुकान की लागत लगभग 42,600/- रुपये है. (ख) इस योजना के अंतर्गत प्रश्नांकित तिथि तक कुल 140 आवेदन प्राप्त हुए हैं. प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत, नियमानुसार आवंटन किया जायेगा. उक्त योजनान्तर्गत निर्धारित प्रमुख अर्हताएं निम्नानुसार है :-

1. आयु - 18 से 40 वर्ष बेरोजगार
2. निवास - नगर पालिका का निवासी हो
3. वार्षिक आय - एक लाख से कम
4. एक परिवार के एक व्यक्ति को आवंटन
5. नियमानुसार आरक्षण प्रक्रिया का पालन करना होगा

सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत शाला भवनों की जानकारी

8. (*क्र. 708) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) केशलूर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में कितने भवनों/संकुल स्रोत केन्द्र भवनों का निर्माण किया गया ? (ख) कितने निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? कितने अपूर्ण हैं ? कब तक पूर्ण किये जावेंगे ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) वर्ष 2004-05 में कुल 14 शाला भवन एवं 8 संकुल स्रोत केन्द्र तथा वर्ष 2005-06 में कुल

83 शाला भवन एवं 17 संकुल स्रोत केन्द्र भवन के निर्माण की स्वीकृति दी गई है. (ख) कुल 23 निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, एवं 99 कार्य अपूर्ण है. समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

विभाग में पदस्थ अधिकारियों की जानकारी

9. (*क्र. 861) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी के कितने-कितने पद सीधी भर्ती और पदोन्नति से भरे जाने के लिए कब से रिक्त है ? (ख) क्या प्रश्नांश "क" के पदों पर अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों को रखा गया है ? यदि हां, तो उनके नाम, पदनाम, मूल विभाग की जानकारी, प्रतिनियुक्ति तिथि एवं अवधि बतावें ? (ग) प्रश्नांश "क" के पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ? (घ) कंडिका "क" में वर्णित पदों के कितने अधिकारी गृह जिले में कब से पदस्थ हैं ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं परियोजना अधिकारियों के सीधी भर्ती एवं पदोन्नति से भरे जाने हेतु रिक्त पदों की स्थिति † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) यथाशीघ्र. (घ) जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं परियोजना अधिकारियों के गृह जिलों की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कराये गये कार्यों का विवरण

10. (*क्र. 645) **श्री चैतराम साहू :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के भाटापारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किस-किस ग्राम में सर्व शिक्षा अभियान योजना के तहत कौन-कौन से निर्माण कार्य, कितनी-कितनी राशि से कराये जा रहे हैं ? ग्राम व कार्य सहित नाम बतलावेंगे ? (ख) प्रश्नांक "क" के अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु किस चैक नम्बर/दिनांक के द्वारा कितनी-कितनी राशि कब-कब दी गई तथा किये गये कार्य का मूल्यांकन कब-कब किस-किस तकनीकी अधिकारियों के द्वारा किया गया ? नाम सहित विकासखण्डवार बतावें ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में है.

राजनांदगांव शहर के बसंतपुर देशी शराब की निर्धारित एम. जी. राशि

11. (*क्र. 740) **श्री उदय मुदलियार :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव शहर की बसंतपुर देशी शराब की एम. जी. (मिनिमम गारंटी) राशि वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कितनी-कितनी निर्धारित की गयी ? (ख) बसंतपुर देशी शराब 2005-06 में किस स्थान पर संचालित थी एवं वर्ष 2006-07 में किस स्थान पर संचालित है ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) वर्ष 2005-06 में एम. जी. रुपये 63,72,288/- निर्धारित थी एवं वर्ष 2006-07 में रुपये 35,52,000/- निर्धारित है. (ख) वर्ष 2005-06 में डोंगरगांव रोड पर बसंतपुर पुराना नाका के पास संचालित थी एवं वर्ष 2006-07 में बसंतपुर वार्ड में गंज मण्डी के पास संचालित है.

जांजगीर-चांपा जिले में राष्ट्रीय परिवार सहायता प्रकरणों का निराकरण

12. (*क्र. 41) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले के विकास खण्ड डभरा, मालखरौदा, सक्ती में वर्ष 2005-2006 एवं 30 जून, 2006 तक राष्ट्रीय परिवार सहायता के कितने प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं कितने लंबित हैं ? (ख) कंडिका (क) के निराकृत प्रकरणों को कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) कंडिका (क) के निराकृत प्रकरणों को दस हजार प्रति हितग्राही के मान से भुगतान किया.

---

† परिशिष्ट "एक" †† परिशिष्ट "दो"

महासमुंद जिले में अवैध शराब परिवहन के दर्ज प्रकरण

13. (*क्र. 118) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुंद जिला अंतर्गत 01 जनवरी, 2005 से 31 जनवरी, 2006 तक अवैध शराब परिवहन के कितने प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, तथा कितने पर कार्यवाही हुई ? विकास खण्डवार बतायें ? (ख) उक्त समयावधि में कितने प्रकरण में राजसात की कार्यवाही की गई ? (ग) उक्त अवधि में कुल कितनी राशि जुमनि के रूप में वसूली गई ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) प्रकरणों में जप्त मदिरा की मात्रा 25 लीटर से कम होने से नियमानुसार राजसात की कार्यवाही नहीं की गई है. (ग) प्रकरण न्यायालय में लंबित होने से जुमनि के रूप में राशि की वसूली नहीं की गई है.

टी. एल. ई. मद की खरीदी में अनियमितता की जांच हेतु नियुक्त अधिकारी

14. (*क्र. 642) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अंतर्गत टी. एल. ई. मद में खरीदी में अनियमितता की जांच हेतु जांच अधिकारी किसे नियुक्त किया गया ? (ख) क्या जांच अधिकारी के खिलाफ उक्त संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो क्या जांच अधिकारी दोषी पाया गया ? (ग) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क) श्री डी. पी. पाण्डे तहसीलदार डोंगरगढ़, श्रीमती कनकलता ताम्रकार सहायक प्रबंधक, उद्योग विभाग एवं श्री के. एस. कोर्राम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, डोंगरगढ़ को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था. (ख) जी नहीं. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

समाज कल्याण बोर्ड द्वारा रायगढ़ जिले में एनजीओ को प्रदाय की गई राशि

15. (*क्र. 85) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में समाज कल्याण बोर्ड के द्वारा किन-किन योजनाओं के अंतर्गत जिला रायगढ़ के किन-किन एन. जी. ओ. को किस-किस शर्त पर कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? (ख) विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभाग में कितने और कौन-कौन से एन. जी. ओ. पंजीकृत है ? संस्था का नाम अध्यक्ष एवं सचिव सहित देवें ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में समाज कल्याण बोर्ड के द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिला रायगढ़ की एन. जी. ओ. को स्वीकृत की गई राशि का विवरण †† संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. योजनाओं के लिए केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई शर्तों का विवरण †† संलग्न प्रपत्र "ब" पर है. (ख) महिला एवं बाल विकास विभाग में एन. जी. ओ. के पंजीकरण का प्रावधान नहीं है.

नगरीय क्षेत्रों में खुले आम मांस का विक्रय

16. (*क्र 875) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नगर निगम रायपुर क्षेत्र में किन-किन व्यक्ति/संस्थाओं का मांस विक्रय/व्यापार के लिये/लायसेंस दिया गया है ? पता सहित ब्यौरा ? (ख) उक्त संस्था एवं व्यक्तियों को मांस विक्रय के लिए किन-किन स्थानों पर अनुमति है ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निर्धारित जवाहर बाजार मटन मार्केट में 19 मटन विक्रेताओं को वर्ष 2003-04 में लायसेंस दिया गया था. ( ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" ) तथा जिसमें से 13 मटन व्यवसायियों ने लायसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन दिया है, जो नगर निगम में विचाराधीन है. ( ‡संलग्न प्रपत्र "ब" ) (ख) नगर पालिक निगम रायपुर के द्वारा मांस बिक्री के लिए जवाहर बाजार मटन मार्केट स्थल निश्चित है.

---

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार" ‡ परिशिष्ट "पांच"

शालाओं में टाटपट्टी की आपूर्ति

17. (*क्र. 794) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या प्रदेश की शालाओं में टाटपट्टी आपूर्ति करने हेतु शासन द्वारा कोई निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो कितनी टाटपट्टी कितनी राशि की खरीदने का निर्णय लिया गया है ? (ख) क्या यह सही है कि टाटपट्टी खरीदने का अधिकार जिला स्तर पर न दिया जाकर प्रदेश स्तर पर खरीदने का निर्णय लिया गया है ? (ग) यदि हां, तो टाटपट्टी खरीदने हेतु कब निविदाएं बुलाई गई, कितनों द्वारा निविदा भरी गयी तथा किनको-किनको टाटपट्टी आपूर्ति करने हेतु आदेश कितने-कितने रुपयों का दिया गया है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जी हां. वर्ष 2005-06 में स्कूल शिक्षा विभाग में 95095 नग टाटपट्टी रुपये 2,97,83,893/- का खरीदने का निर्णय लिया गया है. (ख) जी हां. (ग) निविदा आमंत्रित नहीं की गई है. छत्तीसगढ़ राज्य हाथ करघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित देवेन्द्र नगर रायपुर को रुपये 2,97,83,893/- अग्रिम दिया गया है.

आबकारी नीति के तहत महिलाओं द्वारा हस्ताक्षरयुक्त प्राप्त हुए ज्ञापन

18. (*क्र. 504) **श्री गणेश शंकर बाजपेयी :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में नई आबकारी नीति के तहत गांवों की आधे से अधिक महिलाओं के हस्ताक्षरयुक्त कितने ज्ञापन शासन को प्राप्त हुए ? इस आधार पर कितनी शराब दुकानें कहां-कहां पर बंद की गई ? (ख) क्या ग्राम मोहरा (सिमगा) की महिलाओं द्वारा भी हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्राप्त हुआ ? (ग) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्रश्नांकित अवधि में शासन को दिनांक 17-07-2006 तक महिलाओं के हस्ताक्षरयुक्त कोई ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ. अत: जानकारी का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) ग्राम मोहरा (सिमगा) के ग्रामवासियों द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन विभाग में दिनांक 18-07-2006 को प्राप्त हुआ है. (ग) प्रश्नांश (ख) के ज्ञापन का समुचित रूप से परीक्षण किया जा रहा है.

फर्जी अंक सूची के आधार पर शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी

19. (*क्र. 193) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दुर्ग जिले के दुर्ग विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रसमड़ा में अंग्रेजी विषय के व्याख्याता की अंकसूची फर्जी होने की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है ? (ख) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जी हां. (ख) शिकायत की जांच कराई गई है. प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है.

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति

20. (*क्र. 848) **श्री रामदयाल उइके :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में वर्ष 2006-07 में कुल कितने नये आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत कर खोले गए ? विकासखंडवार जानकारी देवें ? (ख) क्या सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति हो गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में कोरबा जिले में एक भी नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत कर नहीं खोले गये हैं. (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर में प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति

21. (*क्र. 468) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1-04-2004 से 31-03-2006 तक वि. खं. कसडोल/बिलाईगढ़ में कितने नये शाला भवन का निर्माण, उन्नयन, जीर्णोद्धार किया गया है ? विकासखण्ड स्तर पर बतायें ? (ख) कसडोल तथा बिलाईगढ़ विकासखण्ड में पीने के पानी की व्यवस्था हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किन-किन शालाओं में कितनी बोरिंग का खनन किया गया ? (ग) चालू वित्तीय वर्ष में उपरोक्त विकासखण्ड में कितने स्कूल भवन का निर्माण, उन्नयन, जीर्णोद्धार किया जायेगा ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क)

| क्र. (1) | विवरण (2) | वि. खण्ड (3) | प्राथमिक (4) | माध्यमिक (5) | हाईस्कूल (6) | हा. से. के. (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नवीन भवन निर्माण | कसडोल | 61 | 62 | निरंक | निरंक |
| | | बिलाईगढ़ | 50 | 39 | 04 | निरंक |
| 2. | उन्नयन | कसडोल | निरंक | 50 | निरंक | निरंक |
| | | बिलाईगढ़ | निरंक | 52 | निरंक | निरंक |
| 3. | जीर्णोद्धार | कसडोल | 02 | 01 | निरंक | निरंक |

(ख) विकासखण्ड कसडोल में 296 एवं बिलाईगढ़ में 329 शालाओं में बोरिंग का खनन किया गया है. (ग) उपलब्ध आवंटन के आधार पर कार्यवाही की जावेगी. संख्या बताया जाना संभव नहीं है.

## मध्यान्ह भोजन के अन्तर्गत क्रय गैस चूल्हों की गुणवत्ता

22. (*क्र. 896) **श्री चन्दूलाल साहू :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) शासन द्वारा संचालित मध्यान्ह भोजन योजना अन्तर्गत कितने नग गैस चूल्हों का क्रय किस-किस फर्म/दुकानदार से किया गया है ? (ख) क्या गैस चूल्हे आई. एस. आई. मार्क के हैं ? (ग) विधान सभा क्षेत्र राजिम के वि. खं. फिंगेश्वर में कितने गैस चूल्हे की कहां-कहां आपूर्ति की गई है ? ग्रामवार जानकारी देवें ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क) स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत 12500 नग गैस चूल्हा मेसर्स अल्पस इन्डस्ट्रीज सिलवासा दारर नगर हवेली से क्रय किया गया है. (ख) जी नहीं. (ग) विकासखण्ड फिंगेश्वर में 132 गैस चूल्हे की आपूर्ति की गई, शेषांश की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है.

## चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी

23. (*क्र. 450) **श्री लच्छुराम कश्यप :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत, वि. खं. लोहांडीगुड़ा एवं बास्तानार में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है ? खंडवार जानकारी देवें ? (ख) क्या उल्लेखित विकासखण्डों में वर्ष 2006-07 में नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोलना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो ग्रामवार एवं खंडवार जानकारी देवें ? (ग) आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती के लिए शासन द्वारा क्या मापदंड निर्धारित किया गया है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड लोहांडीगुड़ा में 114 एवं विकासखण्ड बास्तानार में 72 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. (ख) नवीन स्वीकृत अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की ग्रामवार, खण्डवार जानकारी (पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-अ) अनुसार है. उक्त के अतिरिक्त लोहांडीगुड़ा आईसीडीएस परियोजना अंतर्गत 74 आंगनबाड़ी केन्द्र तथा बास्तानार आईसीडीएस परियोजना अंतर्गत 37 आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने हेतु प्रस्ताव भारत शासन को प्रेषित किया गया है. (ग) आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती के लिए प्रचलित निर्देशों की प्रति (पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-ब) पर है.

## संपत्तियों के बाजार मूल्य के मार्गदर्शक सिद्धान्त

24. (*क्र. 883) **मोहम्मद अकबर :** क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि उप पंजीयक कार्यालय, रायपुर में संपत्तियों के मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार रायपुर तहसील की सम्पत्तियों का वर्ष 2006-07 का बाजार मूल्य निर्धारण गत वर्ष की तुलना में नगर निगम सीमा क्षेत्र में वार्डवार एवं शेष ग्रामवार कितने प्रतिशत अधिक है ? विगत 3 वर्षों का औसत बाजार मूल्य क्या है, जिसके आधार पर इस वर्ष निर्धारण हुआ है ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट - "अ", "ब" एवं "स" में दर्शाई गई है. इस वर्ष के बाजार मूल्य मार्ग दर्शक सिद्धान्त का निर्धारण विगत 3 वर्षों के औसत बाजार मूल्यों के आधार पर नहीं किया गया है, अपितु "छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्ग दर्शक सिद्धान्तों

का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम, 2000" में निहित प्रावधानानुसार बाजार मूल्य मार्ग दर्शक सिद्धान्त बनाए गए हैं, अतएव जानकारी का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

योजना आयोग से प्राप्त राशि

25. (*क्र. 550) **श्री महेन्द्र कर्मा** (श्री ताम्रध्वज साहू ) : क्या वित्त मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2005-2006 में छत्तीसगढ़ को योजना आयोग द्वारा कितनी राशि कब प्राप्त हुई थी ? (ख) योजना आयोग द्वारा प्राप्त राशि में से कितनी राशि लैप्स हुई ?

**वित्त मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) योजना आयोग से छ. ग. राज्य को कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है. (ख) प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

-------------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट ''एक''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 861) के भाग (क) एवं (घ) की जानकारी ]

### प्रपत्र ''अ''

**सीधी भर्ती से भरे जाने वाले रिक्त पदों की जानकारी**

| सरल क्रमांक | पदनाम | सीधी भर्ती के रिक्त पदों की संख्या | पद कब से रिक्त है | रिक्त पदों की पूर्ति |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी. | 14 | मई 2003 | यथाशीघ्र |
| 2. | परियोजना अधिकारी | 50 | मई 2003 | यथाशीघ्र |

**पदोन्नति से भरे जाने वाले रिक्त पदों की जानकारी**

| सरल क्रमांक | संवर्ग का नाम | पदोन्नति के रिक्त पदों की संख्या | पद कब से रिक्त है | रिक्त पदों की पूर्ति |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | सहायक संचालक/जि.म.बा.वि. अधि./कार्यक्रम समन्वयक/सहायक कार्यक्रम अधिकारी/अधीक्षिका/संकाय सदस्य | 3 | मई 2003 | यथाशीघ्र |
| 2. | परियोजना अधिकारी | 13 | मई 2003 | यथाशीघ्र |

## प्रपत्र "ब"

**जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी संवर्ग एवं परियोजना अधिकारियों गृह जिले में पदस्थी संबंधी जानकारी**

| क्रमांक (1) | अधिकारी का नाम (2) | पदनाम (3) | गृह जिला (4) | वर्तमान पदस्थी स्थान (5) | वर्तमान पद पर पदस्थी दिनांक (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री जी. फ्रेंकलिन | अधीक्षिका | रायपुर | नारी निकेतन रायपुर | 18-10-04 |
| 2. | कु. हेमलता मिश्रा | सहायक संचालक | बिलासपुर | क्षे. म. प्रशि. केन्द्र-बिलासपुर | दिसम्बर 05 |
| 3. | श्रीमती सुषमा जैन | सहायक संचालक | रायपुर | संचालनालय, म. बा. वि., रायपुर. | 13-9-2004 |
| 4. | श्रीमती किरण सिंह | सहायक संचालक | बिलासपुर | क्षे. म. प्रशि. केन्द्र-बिलासपुर | दिसम्बर 05 |
| 5. | कु. प्रियंका ठाकुर | जि.म. बा. वि. अधि. | रायपुर | जिला कार्यालय, रायपुर | 6-1-2006 |
| 6. | श्रीमती रमा ठाकुर | जि. म. बा. वि. अधि. | कांकेर | जिला कार्यालय, कांकेर | 13-12-2004 |
| 7. | श्री अभय कुमार देवांगन | परियोजना अधिकारी | रायपुर | संचालनालय, म. बा. वि. | 24-7-2006 |
| 8. | श्री एम. डी. नायक | परियोजना अधिकारी | रायगढ़ | तमनार-रायगढ़ | 6-7-2006 |
| 9. | श्री परेश कुमार त्रिवेदी | परियोजना अधिकारी | रायपुर | धरसींवा-रायपुर | 30-8-2005 |
| 10. | श्री राजकुमार जाम्बुलकर | परियोजना अधिकारी | राजनांदगांव | राजनांदगांव | 3-8-2000 |
| 11. | श्रीमती रामबाई चन्द्राकर | परियोजना अधिकारी | रायपुर | आरंग-रायपुर | 1-10-99 |
| 12. | सुश्री सुजाता मुखर्जी | परियोजना अधिकारी | बिलासपुर | पथरिया-बिलासपुर | 15-12-98 |
| 13. | कुमारी शीला डीढही | परियोजना अधिकारी | रायपुर | पलारी-रायपुर | 20-10-2003 |
| 14. | कुमारी दुर्गावती कंवर | परियोजना अधिकारी | कोरबा | कटघोरा-कोरबा | 5-1-99 |
| 15. | श्री भगवती राम मंडावी | परियोजना अधिकारी | दुर्ग | धमधा-दुर्ग | 15-12-98 |
| 16. | श्रीमती हेमन्ती प्रजापति | परियोजना अधिकारी | सरगुजा | अंबिकापुर-सरगुजा | 30-7-96 |
| 17. | श्री साजिद मेमन | परियोजना अधिकारी | रायपुर | रायपुर शहरी | 6-7-2006 |
| 18. | श्री गजेन्द्र देव सिंह | परियोजना अधिकारी | कोरबा | पाली-कोरबा | 4-11-99 |
| 19. | श्री सूर्यकांत गुप्ता | परियोजना अधिकारी | बिलासपुर | तखतपुर-बिलासपुर | 6-7-2006 |
| 20. | श्री तारकेश्वर सिन्हा | परियोजना अधिकारी | बिलासपुर | बिल्हा-बिलासपुर | 24-2-2003 |
| 21. | श्रीमती रीना बाजपेयी | परियोजना अधिकारी | बिलासपुर | गौरेला-बिलासपुर | 3-10-2000 |
| 22. | श्रीमती जसवीन्ता ठावरे | परियोजना अधिकारी | बिलासपुर | मस्तुरी-बिलासपुर | 6-7-2006 |
| 23. | श्रीमती किरण खरे | परियोजना अधिकारी | बिलासपुर | बिलासपुर | 28-10-2002 |
| 24. | श्रीमती रेखा बैस | परियोजना अधिकारी | रायपुर | रा. सं. केन्द्र, रायपुर | 9-8-2005 |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 41) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | वर्ष 2005-06 | | 30 जून, 2006 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | निराकृत | लंबित | निराकृत | लंबित |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | डबरा | 95 | निरंक | निरंक | निरंक |
| 2. | मालखरौदा | 101 | निरंक | 6 | निरंक |
| 3. | सक्ती | 89 | निरंक | 17 | निरंक |
| | योग | 285 | | 23 | |

परिशिष्ट ''तीन''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 118) के भाग (क) की जानकारी ]

**( महासमुन्द जिले में 1 जनवरी 2005 से 31 जनवरी 2006 तक अवैध शराब परिवहन के प्रकरण )**

| क्र. (1) | पी.-8 क्र. व दिनांक (2) | आरोपी का नाम (3) | घटना स्थल (4) | जप्त मात्रा/सामग्री (5) | की गई कार्यवाही (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **विकासखण्ड-महासमुन्द** | | | निरंक | |
| **2.** | **विकासखण्ड-बागबाहरा** | | | | |
| 1. | 51/05<br>28-7-05 | बंधुलाल आ. टेनूराम चंद्राकर | खोपली पड़ाव चौक, थाना-बागबहरा. | (1) एक लाल सुजुकी मेक्स 100 मोटर सायकल, जिसका इंजिन क्र.-9110 M-116531 व चेचिस क्र. -9111 F-061467 है.<br>(2) एक प्लास्टिक झोले में भरा 14 नग रायल मास्टर व्हिस्की पाव कुल 2.520 लीटर. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 12-8-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |
| 2. | 52/05<br>29-7-05 | गोविन्द आ. शांतिलाल गाड़ा | खोपली पड़ाव चौक, थाना-बागबहरा. | (1) नीले रंग की हीरो सायकल फ्रेम नं. 58975710 है.<br>(2) एक प्लास्टिक बोरी में भरे रबर ट्यूब में रखा 8 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 25-10-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |
| 3. | 97/05<br>22-10-05 | बिसाहू आ. फिरंता सतनामी | टेमरी के आगे N. H. पर थाना-बागबाहरा. | एक पालीथीन पाउच में भरा उड़ीसा राज्य निर्मित सौफी मदिरा 0.180 लीटर पैदल परिवहन करते हुए. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 16-11-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |
| 4. | 99/05<br>17-11-05 | कृष्णा निषाद आ. घासीदास निषाद. | साल्हेभाढ़ा-डॉंगा खम्हरिया मार्ग पर. | झोले के अंदर एक प्लास्टिक जरीकेन में भरा उड़ीसा प्रांत में निर्मित 5 लीटर महुआ शराब, पैदल परिवहन करते हुए. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 21-11-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | 100/05<br>21-11-05 | शौकीलाल आ. सुनहर सिन्हा | मेंगरापाली-(रेवा) सरईपाली मार्ग पर. | (1) एक पुरानी हीरो जेट सायकल फ्रेम नं. 56003 है.<br>(2) 11 बोतल हैवड्र्स 5000 सुपर स्ट्रांग बीयर कुल 7.15 लीटर (फार सेल इन उड़ीसा ओनली लिखा हुआ) | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 25-11-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |
| **3.** | **विकासखण्ड-पिथौरा** | | | | |
| 1. | 65/05<br>23-9-2005 | (1) जगबंधु आ. शोभा यादव<br>(2) कन्हैयालाल आ. जनकराम साहू | साकिन दलाल खार, थाना-बसना. | (1) 5 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब.<br>(2) एक नीले रंग की पुरानी हीरो होण्डा स्पेण्डर मोटर सायकल नं. सी.जी. 06-2234 चे. नं. 01 J 20 F. 06977 E. No. 01 J 18 E. 05770. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 26-9-2005 को प्रस्तुत किया गया है. न्यायालय आरोपी को वाहन सुपुर्दनामें पर दिया गया है. |
| **4.** | **विकासखण्ड-बसना** | | | | |
| 1. | 01/05<br>24-4-2005 | गोरेलाल आ. शिवलाल तेली | साकिन छोटेडाभा, थाना-बसना. | (1) 6 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब.<br>(2) एक लाल रंग की बजाज सी. डी.-100 मोटर सायकल. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 28-4-2005 को प्रस्तुत किया गया है. न्यायालय आरोपी को वाहन सुपुर्दनामें पर दिया गया है. |
| 2. | 62/05<br>16-9-2005 | कुमार उर्फ राजकुमार आ. चित्रसेन सौंरा. | साकिन सुरंगीपाली, थाना-बसना. | 5 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब पैदल परिवहन करते हुए. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 27-9-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |
| 3. | 93/05<br>23-11-05 | डिग्रीलाल आ. मनधर साहू | साकिन केवटापाली, थाना-बसना. | 4 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब पैदल परिवहन करते हुए. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 5-12-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | **विकासखण्ड-सरायपाली** | | | | |
| 1. | 180/05<br>19-2-05 | उजुल राम आ. वसुदेव कोद | भालूकोना पझरापाली मार्ग पर. | 0.360 लीटर हाथ भट्टी शराब पैदल परिवहन करते हुए. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 23-2-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |
| 2. | 52/05<br>28-7-05 | माधव आ. रूपसिंह मरार | मोहदा से अमरकोट मार्ग पर. | 3.00 लीटर हाथ भट्टी शराब पैदल परिवहन करते हुए. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 8-8-2006 को प्रस्तुत किया गया है. |
| 3. | 97/05<br>7-10-2005 | मंगलू राम आ. धनऊ सतनामी | जगलबेड़ा से राजाडीह मार्ग पर. | 0.500 लीटर हाथ भट्टी शराब पैदल परिवहन करते हुए. | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 27-10-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |
| 4. | 156/05<br>20-12-2005 | उत्तम सिंह आ. नेत्रसिंह गोंड़ | बलौदा चौक के बस्ती की ओर जाते हुए. | (1) 5.500 लीटर हाथ भट्टी शराब<br>(2) एक हीरो सायकल E-104252 | प्रकरण न्यायालय में दिनांक 24-12-2005 को प्रस्तुत किया गया है. |

## परिशिष्ट ''चार''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 85) के भाग (क) की जानकारी ]

## प्रपत्र ''अ''

**जिला-रायगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य समाज कल्याण बोर्ड, रायपुर से अनुदानित संस्थाओं का विवरण जिन्हें वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में अनुदान स्वीकृत किया गया**

| क्रमांक | वर्ष | कार्यक्रम | संस्था का नाम एवं पता | स्वीकृत राशि | पदाधिकारी का विवरण अध्यक्ष/सचिव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2004-05 | झूलाघर | श्रीमद् दयानंद वैदिक मिशन संस्थान, गौरी शंकर मंदिर के पास, रायगढ़. | 40,960.00 | अध्यक्ष-श्री महिपत लाल आर्य सचिव-श्रीयुत् पं. जैमिनी कुमार शर्मा. |
| 2. | 2005-06 | झूलाघर | श्रीमद् दयानंद वैदिक मिशन संस्थान, गौरी शंकर मंदिर के पास, रायगढ़. | 48,912.00 | अध्यक्ष-श्री महिपत लाल आर्य सचिव-श्रीयुत् पं. जैमिनी कुमार शर्मा. |
| 3. | 2005-06 | प्रौढ़ महिला संक्षिप्त पाठ्यक्रम | दिशा दर्शन, नवीन स्कूल के पास, फुलझरिया पारा, सारंगढ़ जिला-रायगढ़. | 1,25,000.00 | अध्यक्ष-कु. टी. आर. श्यामा सचिव-श्री श्याम सुंदर यादव |
| 4. | 2005-06 | जागरूकता शिविर | दिशा दर्शन, नवीन स्कूल के पास, फुलझरिया पारा, सारंगढ़ जिला-रायगढ़. | 10,000.00 | अध्यक्ष-कु. टी. आर. श्यामा सचिव-श्री श्याम सुंदर यादव |

## प्रपत्र ''ब''

### बोर्ड से सहायता के लिये पात्रता की शर्तें

छत्तीसगढ़ समाज कल्याण बोर्ड के कार्यक्रमों के अंतर्गत वित्तीय सहायता का पात्र होने के लिए आवेदक संस्था द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना जरूरी है :—

(क) संस्था उपयुक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो अथवा किसी पंजीकृत कल्याण संगठन की नियमित रूप से गठित शाखा हो (इस उद्देश्य के लिए संस्था का पंजीकृत निकाय से संबद्ध होना ही पर्याप्त नहीं है).

(ख) संस्था के पदाधिकारी एक-दूसरे के संबंधी नहीं होने चाहिए.

(ग) परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम के अलावा बोर्ड के किसी भी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने के लिये संस्था/संगठन पंजीकरण के पश्चात् कम से कम तीन वर्ष तक कार्य कर चुका हो.

(घ) संस्था की एक विधिवत् गठित प्रबंध समिति होनी चाहिए जिसके अधिकारों/शक्तियों तथा जिम्मेदारियों का लिखित संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लेख हो.

(च) संस्था के पास योजना को, जिसके लिए अनुदान हेतु आवेदन किया गया है, आरंभ करने के लिए सुविधाएं, संसाधन, कर्मचारी, प्रबंध-कौशल तथा अनुभव होना चाहिए.

(छ) संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होनी चाहिए. वह इस स्थिति में हो कि उस कार्यक्रम को पूरा करने हेतु जिसके लिए बोर्ड द्वारा सहायता दी जा रही हो, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि जुटा सके. इसके अतिरिक्त जहां आवश्यकता हो वहां अपने संसाधनों द्वारा सेवाओं के स्तर को बनाए रख सकें.

(ज) संस्था की सेवाएं भारत के सभी नागरिकों के लिए धर्म, जाति, वर्ण अथवा भाषा के भेदभाव के बिना उपलब्ध होनी चाहिए.

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 875) के भाग (क) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**मटन बिक्री के पूर्व लायसेंसधारी ( सूची ) दुकान जवाहर बाजार, रायपुर**

| क्रमांक (1) | लायसेंस नं. (2) | नाम (3) | पिता का नाम (4) | पता (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 203 | मो. इब्राहिम | शेख दादू कुरैशी | बैरन बाजार |
| 2. | 204 | मो. उसमान | शेख अहमद कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 3. | 205 | मो. इरफान | मो. उसमान कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 4. | 206 | शेख नत्थू | शेख सत्तार कुरैशी | बैरन बाजार |
| 5. | 207 | शेख नब्बू | शेख सत्तार कुरैशी | बैरन बाजार |
| 6. | 208 | अहमद वहीद | अहमद हमीद | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 7. | 209 | मो. इसमाईल | शेख अहमद कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 8. | 210 | इब्राहिम | शेख अहमद कुरैशी | मौदहापारा, रायपुर |
| 9. | ·211 | मो. महमूद | शेख अहमद कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 10. | 212 | मो. सिराजुद्दीन | कुतुबुद्दीन कुरैशी | संजय नगर, रायपुर |
| 11. | 213 | मो. सिद्दीक | मा. शेख मोहम्मद कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 12. | 214 | मो. अब्बू वकर | शेख मोहम्मद कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 13. | 215 | शेख मोहम्मद | शेख मोइनुद्दीन कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 14. | 216 | तात्या राव | श्री मन्नूलाल सावरकर | राजा तालाब, रायपुर |
| 15. | 217 | श्री ठाकुर सिंह | | जोरापारा, रायपुर |
| 16. | 218 | मो. सफी कुरैशी | मो. सरीफ कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 17. | 219 | शेख साजू | बबीन कुरैशी | बैरन बाजार |
| 18. | 220 | शेख मुनीर | | बैजनाथ बाजार, रायपुर |
| 19. | 221 | शेख जीमल | शेख सुवराती कुरैशी | बैजनाथ बाजार, रायपुर |

## प्रपत्र "ब"

### जवाहर बाजार में मटन विक्रय के लायसेन्स बाबत प्राप्त आवेदनों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शेख इब्राहिम वल्द शेख अहमद | जवाहर बाजार |
| 2. | शेख नब्बू वल्द शेख सत्तार | जवाहर बाजार |
| 3. | सिराजुद्दीन | जवाहर बाजार |
| 4. | शेख नब्बू वल्द शेख सत्तार | जवाहर बाजार |
| 5. | शेख ईस्माइल वल्द शेख अहमद कुरैशी | जवाहर बाजार |
| 6. | मोहम्मद इरफान वल्द मो. उस्मान | जवाहर बाजार |
| 7. | शेख अहमद वल्द शेख फत्ते अहमद | जवाहर बाजार |
| 8. | शेख अहमद वल्द फत्ते अहमद | जवाहर बाजार |
| 9. | शेख महमूद वल्द शेख अहमद | जवाहर बाजार |
| 10. | अब्दुल लतीफ वल्द अ. रफीक | जवाहर बाजार |
| 11. | शेख बसीर वल्द शेख मुड्डक | जवाहर बाजार |
| 12. | मो. अब्दुल रफीक वल्द अब्दुल अजीम | जवाहर बाजार |
| 13. | मो. उस्मान वल्द स्व. शेख अहमद कुरैशी | जवाहर बाजार |